Telephone No.- 07692- 225866
Fax No. 07692- 225866
Email Add slrseo@mp.gov.in
slrseoni@gmail.com

# कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख जिला सिवनी(म0प्र0)

क्रमांक/ 1192 /भू0अभि0/रा0नि0/2025 सिवनी दिनांक-25/09/2025

## -//आदेश//-

डिजीटल फसल सर्वेक्षण मौसम खरीफ वर्ष 2025 का डाटा का अवलोकन करने पर पाया गया कि जिले में विगत वर्ष की तुलना में धान का रकबा लगभग 30398 हे0 अधिक पाया गया है तथा अनेक ग्रामों में विगत वर्ष की गिरदावरी की तुलना में 355 हे0 तक की वृद्धि पायी गई है। दिनांक 25/09/2025 को डिजीटल फसल सर्वेक्षण मौसम खरीफ वर्ष 2025 संबंधित गूगलमीट में तहसीलदारों द्वारा भी अवगत कराया गया कि मौका निरीक्षण के दौरान गलत फसल सर्वे होना पाया गया है। जिले के लोकल यूथ द्वारा दर्ज फसल के कुछ संदिग्ध खसरों की जांच सारा पोर्टल के माध्यम से की गई। जिसमें अपलोड की गई फोटो में पाया गया कि धुंधली, अस्पष्ट एवं अन्य फसलों की फोटो, घास, रिक्त/पड़त भूमि की छाया अपलोड की जाकर धान फसल दर्ज की गई है। जिससे स्पष्ट: यह प्रतीत होता है कि कतिपय लोकल यूथ एवं पटवारी द्वारा संबंधित कृषकों को आर्थिक लाभ पंहुचाये जाने की मंशा से जानबूझकर विसंगतिपूर्ण डाटा अपलोड किया गया है। जो कि गंभीर अनियमितता एवं लापरवाही की श्रेणी में आता है।

अत: आपको निर्देशित किया जाता है। आप मौके पर अपने विभागीय अमले के साथ उपस्थित होकर खरीफ फसलों की गिरदावरी का निरीक्षण/परीक्षण करें एवं दावा आपत्ति के माध्यम से मौके पर बोई गई वास्तविक फसल, पड़त भूमि, मिश्रित फसल आदि की गिरदावरी 03 दिवस के भीतर अद्यतित कराया जाना सुनिश्चित करें। यदि इस कार्य में उपरोक्त प्रकार की त्रुटि पुन: पाई जाती है तो संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

**(यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।)**

Digitally signed by
SANSKRITI JAIN
Date: 25-09-2025
15:14:47

**कलेक्टर**
**जिला सिवनी**

पृ0 क्रमांक/ 1192A /भू0अभि0/रा0नि0/2025 सिवनी दिनांक-25/09/2025

**प्रतिलिपि:-**

1. आयुक्त भू-अभिलेख, म0प्र0 ग्वालियर की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. कमिश्नर जबलपुर संभाग जबलपुर की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
3. उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला सिवनी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. अनुविभागीय अधिकारी (रा0) सिवनी/कुरई/बरघाट/केवलारी/लखनादौन/घंसौर जिला सिवनी (म0प्र0) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. तहसीलदार सिवनी/कुरई/बरघाट/केवलारी/छपारा/लखनादौन/घंसौर/धनोरा/सिवनी नगर जिला सिवनी (म0प्र0) ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर लेख है उपरोक्त आदेश का पालन कड़ाई से किया जाकर समस्त ग्रामों की गिरदावरी का डाटा संशोधित किया जावे।

**Digitally Signed By**
**कलेक्टर**
**जिला सिवनी**